कासगंज जनपद की सीमाओं में प्रवेश करने वालों पर प्रशासन की पैनी नजर

दिल्ली नोएडा से आये लोगों को पुलिस द्वारा जिलाअस्पताल में पहुंचने के बाद बैठे लोग।----------छाया: आज

कासगंज। कोरोना वायरस की भयाभय स्थिति को लेकर कासगंज प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। दिल्ली नोएडा से कासगंज जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले पैदल और वाहनों से गुजरने वाले यात्रियों को चारों ओर बैरियर लगाकर रोका ही नहीं जा रहा है, बल्कि कैदी वाहन से जिलाअस्पताल लेकर जाकर थर्मल स्क्रीनिंग और अभिलेखो में एंट्री का गत्वंयो की ओर जाने दिया जा रहा है।

कासगंज जिलाअस्पताल में कैदी वाहन से लाये गए यह दिल्ली नोएडा से आने वाले यात्री है।यह कोरोना वायरस के चलते संम्पूर्ण देश को किये गए लॉकडाउन के बाद पैदल और निजी वाहनों से गंत्वयों की ओर जा रहे हैं।परंतु कासगंज का जिलाप्रशासन कोरोना वायरस को लेकर खासा सख्त बना हुआ है। जिले की चारों सीमाओ को बैरियर लगाकर पूरी तरह से सीज कर दिया है और आने जाने वाली लोगों पर पैनी नजर बनी हुई है, ताकि कोरोना वायरस से आपको और अपनों को बचाया जा सके। जिलाप्रशासन सुरक्षा के दृष्टिगत रखते हुए कासगंज की सीमाओ में प्रवेश करने वाले लोगों को कैदी वाहन में भरकर जिलाअस्पताल पहुंच रही है। जहां उनका स्वास्थ्य विभाग द्वारा थर्मल स्क्रीनिंग और उनकी पूछतांछ के बाद नाम पता एंट्री किया जा रहा है, ताकि कोई भी वायरस से संक्रामण लोग इस जनपद में प्रवेश नहीं कर सके।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का कोरोना विषाणु रोग पर जनता को सलाह, भ्रम दूर करें

दयालबाग शिक्षण संस्थान, दयालबाग, आगरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रोग्राम ऑफिसर तथा भारतीय राष्ट्रीय युवा विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली के सदस्य डॉ रंजीत कुमार ने बताया कि बहुत सारी मिथ्या व भ्रम आम आदमी में कोरोना वायरस के कारणए प्रभाव तथा बचाव को लेकर है जिसे दूर किया जाना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कुछ मिथ के उपर अपना मत रखा है जिसका हिंदी अनुवाद डॉ सी एम नौटियाल. भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली के प्रोग्राम कंसलटेंट ने किया है जो नीचे प्रेषित है।

कोरोना वायरस गर्म तथा आर्द नमी वाले क्षेत्रों में फैलता है

अब तक मिले साक्ष्यों के आधार पर कोरोना विषाणुद्ध गर्म तथा नम मौसम वाले क्षेत्र सहित सब क्षेत्रों में फैल सकता है। आप कैसी भी जलवायु वाले क्षेत्र में होंए यदि आप कोविड.ग्रस्त क्षेत्र में यात्रा कर रहे हों तो सुरक्षा के उपाय अपनाएँ। कौविड 19 से अपनी रक्षा का सबसे अच्छा तरीका बार-बार हाथ धोना है। ऐसा कर-के आप अपने हाथ में चिपके विषाणुओं को हटा देते हैं और उन संक्रमणों से बच सकते हैं जो उन हाथों से अपनी आँखोंए मुँह या नाक को छूने से हो सकते थे।

शीत ऋतु तथा बर्फ कोरोना वायरस को नहीं मार सकते

इस बात को मानने का कोई आधार नहीं है कि ठंडा मौसम नए कोरोना वायरस या दूसरी बीमारियों को खत्म कर सकता है। बाहरी तापमान या मौसम कैसा भी होए सामान्यत: मानव शरीर का तापमान 36.5 से 37 रहता है। नए कोरोना वायरस से अपने बचाव का सबसे प्रभावी तरीका बार.बार अपने हाथों को अल्कोहल वाले हैंडवाश से रगड़-रगड़ कर साफ करना या उन्हें साबुन.पानी से धोना है।

गर्म पानी से नहाना नए कोरोना वायरस से नहीं बचाता

गर्म पानी से नहाना आपको कोविड.19 के संक्रमण से नहीं बचाएगा। बाहरी तापमान या मौसम कैसा भी हीए मानव शरीर का सामान्य तापमान 36.5 से 37? रहता है। सच तो यह है कि बहुत अधिक गर्म पानी से नहाने से नुकसान हो सकता है क्योंकि इससे आप जल सकते हैं। नए कोरोना वायरस से स्वयं के बचाव का सबसे अच्छा तरीका बार.बार अपने हाथों को साफ करना है। ऐसा करके आप अपने हाथों पर चिपके विषाणुओं को निकाल रहे हैं जिनके कारण उन हाथों से आँखोंए नाक या मुंह को छूने पर संक्रमण हो सकता था।

नया कोरोना विषाणु मच्छरों के काटने से नहीं फैल सकता

आज की तारीख में न ऐसी कोई जानकारी हैए न ऐसा कोई प्रमाण जिससे यह लगे कि नया कोरोना विषाणु मछरों के काटने से फैल सकता है। नया कोरोना विषाणु श्वसन तंत्र को प्रभावित करने वाला एक विषाणु है जो संक्रमित व्यक्ति के खाँसने या छींकने में निकले या थूक के छींटों से या नाक से निकले द्रव्यों से फैलता है। अपनी सुरक्षा के लिए बार.बार अल्कोहल वाले हैंडवाश से रगड़.रगड़ कर या साबुन.पानी से अपने हाथों को धोएं। उन लोगों के साथ निकट संपर्क से बचें जो खाँस या छींक रहे हों।

क्या हैंड ड्रायर नए कोरोना विषाणु को मारने में प्रभावी हैं

नहीं। हैंड ड्रायर कोरोना विषाणु को मारने में प्रभावी नहीं हैं। नए कोरोना वायरस से सुरक्षा के लिए बार.बार अपने हाथों को अल्कोहल वाले हैंडवाश से रगड़ रगड़ कर या उन्हें साबुन.पानी से धोए। एक बार आपके हाथ साफ हो जाएं तो उन्हें कागज के तोलिए ;पेपरटॉवलद्ध से या गर्म हवा वाले श्एयर ड्रायरश से अच्छी तरह सुखा लीजिए।

क्या पराबैंगनी विसंक्रमीकरण लैंप यू वी लैंप नए कोरोना विषाणु को मार सकता है

हाथों या शरीर के और हिस्सों को विसंक्रमीकृत करने के लिए पराबैंगनी विसंक्रमीकरण लैंपयू वी लैंद्ध का उपयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि पराबैगनी विकिरण त्वचा को परेशान कर सकता है। नए कोरोना विषाणू से संक्रमित व्यक्तियों को पहचानने के लिए ष्थर्मल स्कैनर्स कितने प्रभावी हैं

थर्मल सकैनर्स उन लोगों की पहचान करने में प्रभावी हैं जिन्हें नए करोना विषाणु के कारण बुखार हो गया हो शरीर का तापमान शरीर के सामान्य से अधिक हो। लेकिन वे उनको नहीं पहचान सकते जिनको संक्रमण तो हुआ है लेकिन उनमे लक्षण नहीं प्रकट हुए हैं। इसका कारण है कि संक्रमित लोगों को बीमार होने और उन्हें बुखार आने में 2 से 10 दिन लगते हैं।

क्या अपने पूरे शरीर पर अल्कोहल या क्लोरीन छिड़कने से नए कोरोना विषाणु मर जाएंगे

नहीं। अपने शरीर पर अल्कोहल या क्लोरीन की फुहार से वे नए कोरोना विषाणु नहीं मरेंगे जो शरीर में प्रवेश कर चुके होंगे। इन पदार्थों से कपड़ों या शलेष्मा झिल्लियों को नुकसान हो सकता है जैसे . आँख और मुँह कीद्ध। यह जानना जरूरी है कि अल्कोहल तथा क्लोरीन, दोनों, सतहों को विसंक्रमीकृत करने में उपयोगी हैंए लेकिन उनका उपयोग समुचित अनुशंसित परिस्थितियों में किया जाना चाहिए।

क्या न्यूमोनिया के लिए विकसित टीके आपको नए कोरोना विषाणु से बचाते हैं

नहीं। न्यूमोकोकेल जैसा न्यूमोनिया के लिए विकसित टीका तथा हीमोफाइलस इन्फलुएन्जा टाईप बी टीका नए कोरोना विषाणु के विरुद्ध सुरक्षा नहीं प्रदान करते। यह विषाणु इतना नया और भित्र है कि इसके लिए अपना टीका होना चाहिए। शोधकर्ता कोरोना के लिए टीका विकसित करने का प्रयास कर रहे हैं तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन इन प्रयासों में सहायता कर रहा है। अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए श्रसन तंत्र वाली बीमारियों के लिए बने टीकों की जोर से अनुशंसा की जाती है।

क्या नियमित रूप से नाक को नमक के पानी से धोने से नए कोरोना विषाणू से संक्रमण से बचा जा सकता है

नहीं। ऐसा कोई प्रमाण नहीं है कि नियमित रूप से नाक को नमक के पानी से धोने से नए कोरोना विषाणु के संक्रमण से बचाव हो जाता है। कुछ सीमित प्रमाण हैं कि नियमित रूप से नाक को अंदर से नमक के पानी से धोने से लोगों को सामान्य जुकाम से सँभलने में आसानी होती है। फिर भी नियमित रूप से नाक को नमक के पानी से धोने से श्रसन के संक्रमण से बचाव होता होए ऐसा नहीं दिखाया गया है।

क्या लहसुन खाना नए कोरोना विषाणू के संक्रमण से बचा सकता है

लहसुन एक स्वास्थ्यप्रद खाद्य है जिसमे कुछ सूक्ष्म जीवाणु के विरुद्ध गुण हो सकते हैं। लेकिन वर्तमान विपदा से ऐसा कोई प्रमाण नहीं मिला है कि लहसुन खाने से लोगों का नए कोरोना विषाणु से बचाव हुआ हो।

क्या नया कोरोना विषाणु अधिक आयु के लोगों को प्रभावित करता है या कम आयु के लोगों को भी इससे खतरा है

नए कोरोना विषाणु से सब आयु के लोग संक्रमित हो सकते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि अधिक आयु के उन लोगों को जिन्हें पहले से कोई स्वास्थ्य की समस्या है जैसे अस्थमाए मधुमेहए हदय रोगद्धए इस विषाणु से गंभीर रूप से बीमार होने का डर अधिक है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सब आयु वर्गों को विषाणु से स्वयं को बचाने के लिए कदम उठाने की सलाह है जैसे . अच्छी तरह हाथ को स्वच्छ रखना तथा सांस से रोग फैलने से बचाव संबंधित सावधानियां बरतना।

एंटीबायोटिक्स नए कोरोना विषाणु को रोकने तथा उसके इलाज में प्रभावी हैं

नहीं। एंटीबायोटिक्स केवल जीवाणुओं के विरुद्ध उपयोगी है। विषाणुओं ;वायरसद्ध के विरुद्ध नहीं। नया कोरोना विषाणु है और इसलिए इससे बचाव या इसके इलाज के लिए एंटीबायोटिक्स का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। लेकिन यदि आप अस्पताल में कोरोना संक्रमण के कारण भर्ती हैं तो आपको एंटीबायोटिक्स दिए जाने की संभावना है क्योंकि इसके साथ जीवाणु.संक्रमण हो जाना सम्भव है।

क्या नए कोरोना वायरस से बचाव या उसके इलाज के लिए कोई खास दवाई है

अभी तक नए कोरोना विषाणु को रोकने या उसके इलाज के लिए कोई खास दवाई नहीं बताई गई है। फिर भीए जिन्हें इस विषाणु का संक्रमण हैए उनके आराम और लक्षणों को ठीक करने के लिए पर्याप्त ध्यान दिया जाना आवश्यक हैए और जो गंभीर रूप से बीमार हैं उन्हें परिस्थितियों के अनुसार यथा संभव देखभाल मिलनी चाहिए। कुछ विशिष्ठ उपचार ढूढें जा रहे हैंए और उनके परीक्षण चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संठन बहुत से सहयोगियों के साथ अनुसंधान तथा विकास को तेज करने में हाँथ बंटा रहा है। रास्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक डॉ सौरभ मनि ने कहा कि दयालबाग शिक्षण संस्थान का राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई कोरोना वायरस से बचाव के लिए जनजागरूकता चला रखा है।

योगी की कासगंज पुलिस का ब्रजवाहन छह माह से हो रहा है धक्का देकर स्टार्ट

पुलिस के ब्रजवाहन को धक्का लगाकर स्टार्ट करते पुलिस कर्मी।

कासगंज। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहतर पुलिस को करने के लिए लाख दावे कर रहे हों, लेकिन कासगंज पुलिस लगातार अपने कारनामों से सुर्खियों में बनी रहती है।जिसका जीता जागता उदाहरण उस वक्त सामने आया पुलिस लाइन से लॉकडाउन का पालन कराने के लिए भेजी गई पुलिस वाहन में धक्का लगाती रही, लेकिन वाहन काफी देर बाद स्टार्ट हो सका।

ये पुलिस ब्रजवाहन में धक्का लगा रही है ये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कासगंज पुलिस है।इस वीडियो में पुलिसवाले खटारा ब्रजवाहन को धक्का लगाते हुए दिखाई दे रहे हैं।ऐसा लग रहा है कि वदीवांलों की गाड़ी बीमार पड़ गई है और उसे इलाज की जरूरत है। जब इस मामले में ब्रजवाहन चालक कालीचरन से बात की गई तो उन्होंने बताया कि यह छह माह से धक्का प्लेट वाहन है। कई बार अधिकारियों को अवगत भी कराया, परंतु किसी अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया। जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है, कि जरूरत पड़ने पर पुलिस किस तरह से मौके पर पहुंचेगी। यह अंदाजा इस तस्वीर से ही लगाया जा सकता है।खबर चलने के बाद देखना होगा पुलिस अधिकारी इस धक्का प्लेट वाहन को ठीक करा पाते हैं, या फिर सदा सुर्खियों में रहने वाली कासगंज पुलिस आपात कालीन स्थिति के दौरान एक बडे हादसे का इंतजार है।

डीएम ने एसपी संग किया लॉक डाउन का निरीक्षण

कासगंज। कोरोना वायरस की रोकथाम और बचाव के लिये पूरे देश में लागू लॉक डाउन के दृष्टिगत जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह व पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने जनपद के विभिन्न स्थानों सिढ़पुरा, अमांपुर, पटियाली, सहावर, गंजडुण्डवारा, कासगंज, सोरों नगरिया आदि जगह पहुंच कर गहन निरीक्षण किया और लोगों को समझाया कि लॉक डाउन के दौरान घरों पर ही रहेंए अनावश्यक बाहर न निकलें। लोगों से सामाजिक दूरी बनाये रखें। जिला मजिस्ट्रेट श्री सिंह ने कहा कि घबरायें नहीं। महामारी से खुद को और समाज को बचाने में सहयोग करें और अपने घरों के अन्दर ही रहें। अनावश्यक बाहर सड़कों पर न निकलें। 14 अप्रैल 2020 तक लॉक डाउन हैए इसका सभी को पालन करना है। आपात स्थिति में 102 या 108 एम्बूलेंस सेवा की सहायता लें। कोरोना वायरस के नियंत्रण हेतु शासनए प्रशासन के साथ सहयोग करें और समय समय पर जारी दिशा निदेर्शों का पूर्णत: पालन करें। कोरोना वायरस से सतर्क रहेंए घबरायें नहीं। अपने प्रतिष्ठानए दुकानें एवं व्यवसायिक स्थलों को बन्द रखें। कोई भी व्यक्तिध्व्यवसायी किसी भी आवश्यक वस्तु का अत्यधिक भण्डारण अथवा कालाबाजारी न करे। ऐसा करने पर उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। अपने आसपास के लोगों के निकट संपर्क में न जायें। व्यक्तिगत साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। सावधानी बरतेंए घर पर रहें और कोरोना वायरस को फैलने से रोकने में मदद करें। अफवाहें न फैलायें और न अफवाहों पर ध्यान दें। स्वय सुरक्षित रहें और दूसरों को भी सुरक्षित रखें। स्वच्छता बनाये रखने में पूर्ण सहयोग करें।

कोरोना वायरस की रोकथाम और बचाव हेतु पूरे देश में लागू लॉक डाउन के दृष्टिगत शासन, प्रशासन द्वारा जनसुविधाओं उपलब्ध कराने के निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं। जिला मजिस्ट्रेट चन्द्र प्रकाश सिंह ने कहा कि लॉक डाउन के दौरान जन सामान्य को खाद्यान्य, दूध, फल, सब्जी, दवायें और आवश्यक वस्तुयें उपलब्ध कराने की होम डिलीवरी के माध्यम से व्यवस्था की गई हैं। किसी भी चीज की कमी नहीं होने दी जायेगी। घबरायें नहीं। कोरोना महामारी से स्वयं बचें और अपने परिवार व समाज को बचाने में सहयोग करें और अपने घरों के अन्दर ही रहें।

अनावश्यक बाहर न निकलें। लोगों से सामाजिक दूरी बनाये रखें। जिला मजिस्ट्रेट श्री सिंह ने कहा कि आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिये कासगंज नगर एवं अन्य सभी नगरीय क्षेत्रों में क्षेत्रवार दुकानें चिन्हित कर दी गई हैं। जहां से जनसामान्य को होम डिलीवरी की सुविधा मिलेगी। अपने क्षेत्र के दुकानदार के मोबाइल नम्बर पर कॉल करें। दुकानदार द्वारा आवश्यक सामान आपके घर पहुंचाया जायेगा। आपको बाजार जाने की जरूरत नहीं है।

लॉकडाउन में अनावश्यक कार्य से बाहर निकले लोगों के विरूद्ध की कार्रवाई

कोसीकलां। पुलिस ने लॉकडाउन में रोक के बाबजूद घरों से बाहर निकले दर्जनो लोगों सहित करीब एक दर्जन वाइकों का चालान किया है। पुलिस ने वाइक सवारों से हजारों रुपए का चालान बसूल किया है।कोरोना वाइरस के चलते पीएम द्वारा देश को पूर्णतया: किये गये लॉकडाउन के बाबजूद लोग घरों से बिना कार्य के बाहर निकल रहे है। लेकिन रोक के बाबजूइ वेवजह घरों से बाहर निकल रहे लोगों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करने को विवश है। हालांकि जरूरी कार्य से आ जा रहे लोगों को पुलिस जांच के बाद निकलने दे रही है लेकिन अनावश्यक कार्य के बिना घरों से निकल रहे लोगो पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। इसी के चलते पुलिस ने लॉकडाउन में 16 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। वहीं एक दर्जन वाइकों का चालान कर उनसे 33500 रुपए बसूल किये गये है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक आजाद पाल ने बताया कि सख्ती के बाद अनावश्यक कार्य से घर से बाहर निकल रहे लोगो के विरूद्ध कार्रवाई की गयी है।

महामारी में दो जून की रोटी के लिए खुले में डयूटी कर रहे पालिका कर्मी

कोसीकलां। जहां एक ओर केन्द्र एवं प्रदेश सरकार लोगों को कोरोना जैसी महामारी से बचाने के लिए लोगों को घरों मे रहने की हिदायत दे रही है। वहीं नगर पालिका अपने कर्मचारियों से जवरन खुले मे डयूटी करा रही है। रविवार को धराशायी हुए टयूवैल नं. 9 पर तैनात कर्मचारी लगातार खुले मे डयूटी कर रहे हैं।

गौरतलब है कि गोपाल नगर में पीने की पानी की टंकी के पास स्थित टयूवैल नं. 9 की जर्जर कोठरी जिससे टयूवैल को संचालित किया जाता था, गत 22 मार्च की घराशायी हो गयी थी लेकिन कोठरी मे अन्दर कोई न होने के कारण बडा हादसा टल गया और पानी की सप्लाई भी वाल टूटने से बाधित हो गयी। बाल को ठीक करा दिया गया लेकिन टयूवैल पर तैनात एक चैकीदार एवं एक पंप ऑपरेटर जिनकी 24 घंटे टयूवैल पर डयूटी रहती है और टयवैल के पास ही डंपिग ग्राउन्ड मौजूद है जहां दोनो कर्मचारी खुले मे 24 घंटे डयूटी दे रहे हैं। जैसे ही हिन्दुस्तान टीम ने फोटो खीचा तो तो पंप ऑपरेटर अपनी खाट छोडकर भाग गया और चैकीदार शाजिद अपनी खाट पर बैठा रह गया। गोपाल नगर के लोगों ने कहा कि क्या उक्त दोनो कर्मचारियो से खुले मे डयूटी कराना कहा तक सही है? जिसको लेकर कॉलौनी के लोगों ने एक शिकायती पत्र सीएम पोर्टल के साथ साथ जिलाधिकारी के नाम प्रेषित कर दोनो कर्मचारियो के लिए अस्थाई व्यवस्था कराने की मांग की है। मांग करने वालों मे मनीष अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, भगवत, राजवीर, संजय, गोविन्द, छोटू, दीपक, दिनेश, मनोज, वालो, आदि दर्जनों लोग है। इस मामले मे अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान मे है जल्द ही दोनो कर्मचारियो के लिए उचित व्यवस्था की जाएगी। वहीं इस मामले को लेकर एसडीएम छाता डॉ सुरेश चन्द से बात की गयी तो उन्होने बताया कि उनके संज्ञान मे ऐसा कोई मामला नहीं है जांचोपरान्त कार्रवाई अमल मे लायी जाएगी।

कालाबाजारी को लेकर सक्रिय हुई पुलिस

कोसीकलां। मगलबार-बुधवार की रात 12 बजे से देश के प्रधानमंत्री मोदी द्वारा समूचे देश को लॉक डाउन करने की घोषणा के बाद बुधवार सुबह से ही समूचा बाजार बन्द रहा। केवल आवश्यक सामान से सम्बन्धित दुकानों को ही व्यापारियों द्वारा खोला गया लेकिन गुरूवार को पुलिस प्रशासन ने और भी सख्ती दिखायी। पुलिस ने व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों से बात कर जरूरी सामानो की दुकानों के खुलने एवं बन्द करने का समय निश्चित कर दिया। जिसके तहत गुरूवार को समय से दुकानो को खोला गया और समयानुसार ही दुकानों को बन्द करा दिया गया।

तेजी से लोगों को अपनी चपेट मे ले रही लाइलाज कोरोना महामारी से देश की जनता को बचाने के लिए प्रधानमत्री मोदी ने देश की जनता से अपील करते हुए 21 दिन यानि 14 अप्रैल तक देश को लॉक डाउन करने का फैसला ले लिया। मंगलवार-बुधवार की रात 12 बजे से इसे लागू करने के बाद लोगों मे हलचल पैदा हो गयी कि आखिर अब खानी पीने के सामन आदि कैसे उन्हे उपलब्ध होगा। इसके लिए शासन प्रशासन ने गाइड लाइन जारी करते हुए शासन प्रशासन की तरफ से जरूरी वस्तुओं की दुकानों को खोलने का फैसला लिया गया। दुकानें खुली तो दुकानों पर लोगों की वेइन्तहां भीड सामान लेने के लिए इक्टठा होने लगी।

जनपद के मजदूरों को सहायता राशि का कार्य शुरू

कासगंज। जनपद में मजदूरों को सहायता राशि उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। विभाग ने चार हजार से अधिक ऐसे खाताधारकों के खातों में एक हजार रुपये स्थानांतरित कर दिए हैं। जबकि शेष मजदूरों के खातों की भी जांच पड़ताल की जा रही है, जिससे धनराशि समय से उनके खाते में स्थानांतरित की जा सके।

कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने लिए जनपद को भी लॉक डाउन रखा गया है। इसके चलते सभी काम-धंधे बंद कर दिए गए हैं। प्रदेश सरकार ने मजदूरों को परिवार के भरण पोषण के लिए एक-एक हजार रुपये सहायता राशि उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। इसी के बाद से जनपद में भी जिला प्रशासन के निर्देश पर विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी। श्रम प्रवर्तन अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि जनपद में 43 हजार से अधिक मजदूरों के खाते में सहायता राशि स्थानांतरित की जानी है। इसी को लेकर कार्रवाई चल रही है।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ देगा 5.29 करोड़ रुपये

कासगंज। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ द्वारा कोरोना की महामारी से निपटने के लिए 5.29 करोड़ रुपये देने की घोषणा की है। इसके तहत जनपद के शिक्षामित्र भी अपने एक दिन का वेतन मुख्यमंत्री राहत कोष को देंगे। संगठन के प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है, जिसमें आवश्यकता पड़ने पर एक माह तक का वेतन देने की बात कही गई है।

शिक्षामित्र संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष तेजभार्न सह ने बताया है कि संगठन के प्रांतीय आह्वान पर जनपद के शिक्षामित्रों ने यह निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस मामले को लेकर जिलाध्यक्ष नौकर्म सह वर्मा, जिला महामंत्री संतोष यादव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष छविराम सिंह, कोषाध्यक्ष अखिलेश, उपाध्यक्ष हरीश सोलंकी समेत अन्य पदाधिकारियों व शिक्षामित्रों से बातचीत हो चुकी है। सभी ने सहमति भी जताई है। उन्होंने बताया कि अभी जनपद के सभी शिक्षामित्रों ने एक दिन का वेतन देने की घोषणा की है।

भूमाफिया जमीनों पर कब्जा करने में जुटे

कोसीकलां। गोपालबाग निवासी एक विवाहिता ने गांव खरोट निवासी करीब आधा दर्जन लोगों पर अपने प्लॉट पर कब्जा करने एवं प्लॉट पर पहुचने पर उसके कपडे फाडकर गलत कार्य करने का प्रयास एवं पति के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। लॉकडाउन के चलते आने जाने पर रोक के चलते महिला ने वरिष्ठ उपनिरीक्षक, सीओ छाता सहित एसएसपी के वॉटसअप पर अपनी लिखित तहरीर देते हुए न्याय की गुहार लगायी है।

लॉकडाउन का फायदा उठाते हुए भूमाफिया सक्रिय होते जा रहे हैं। भूमाफियाओं ने लोगों की जमीन पर कब्जा करना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में गोपाल बाग निवासी एक विवाहिता ने गांव खरोट के पांच नामजदों पर आरोप लगाते हुए बताया कि गांव मे उसका एक खाली प्लॉट पडा हुआ है। जिस पर गांव के ही कुछ भूमाफियाओं द्वारा कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। आरोप है कि सूचना मिलते ही जब वह गांव खरोट अपने प्लाट की स्थिति को देखने गयी तो उक्त लोग प्लाट पर कब्जा करने मे जुटे हुए थे इसी दौरान उसने डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को मौके पर बुला लिया और वास्तुस्थिति दिखाते हुए शिकायत की। शिकायत पर पुलिस एक आरोपी को उठाकर गोपाल बाग चैकी ले आयी लेकिन बाद मे उसे छोड दिया गया। इसके बाद पुन: गत दिवस उक्त लोगों ने फिर से प्लॉट पर पहुच गये। जैसे ही उसे पुन: सूचना मिली तो वह अपने पति के साथ अपने प्लाट पर पहुची जहां उक्त आरोपियों ने उसे व उसके पति को पकड लिया और उसे नीचे गिराते हुए कपडे फाड दिये और नग्न कर गलत कार्य करने का प्रयास किया। पति ने विरोध किया तो उक्त सभी लोगों ने उसे भी पकड लिया और उसके साथ मारपीट की। शोर शराबा सुनकर गांव के ही कुछ लोग मौके पर पहुच गये जिन्होने उक्त दोनो को बचाया।

शहर में भूखे पेट सोने वालों के लिए चेयरमैन पति की पहल

दीनदुखी, मंदबुद्धि, गरीब के अलावा बाहर से आए लोगों तक पहुंचायेंगे खाने के पैकिट

गुरूवार को कासगंज पालिका चैयरमैन के पति राजबीर सिंह दूसरे चित्र में पटियाली भाजपा नेता विवेक वाष्णेय आटा वितरण करते हुए।

कासगंज।जहां एक पूरा देश कोरोना वायरस की लाइलॉज बीमारी से जूझ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर कासगंज के समाजसेवी और पालिका चैयरमैन पति राजबीर सिंह साहू ने लॉकडाउन के प्रति एक दिनश्शहर के दीनदुखी, मंदबुद्धी के अलावा बाहर से आने जाने वाले लोगों को पैकिट देकर उन्हें भोजन मुहैया करायेंगे,ताकि कोई भी शहर में भूख पेट नहीं सौ सके।

कोरोना वायरस को लेकर देश भर के साथ कासगंज जनपद भी पूरा लॉकडाउन है। शहर में रहने वाले दीनदुखी और मंदबुद्धि के अलावा बाहर के आने जाने वाले लोगो के लिए पालिका चैयरमैन रजनी साहू के पति राजबीर सिंह साहू ने एक सराहनीय ओर नेक कदम उठाया है। उनके कदम के बाद जो लोग शहर में रहने वाले दीनदुखी मंदबुद्धि के लोग और बाहर के आने जाने वाले लोग भी भूखे पेट सौ जाते थे। उनकी पहल से खाना मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल तक चलने वाले लॉकडाउन के दौरान प्रतिदिन पैकिट वितरण किये जायेंगे, ताकि भूखे पेट सौने वालों को पेट भर चुके। उन्होंने श्शहर के लोगों से आहवान किया कि कोई व्यक्ति इस पुनीत कार्य में सहभागिता कर सकता है। वह आकर कर सकता है। सभी के रास्ते खुले है।इस मौके पर उन्होंने आज गुरूवार सेश्शहर में भ्रमण कर पैकिटों का वितरणश्शुरू कर दिया है।

लगभग 250 परिवारों में डोर टू डोर पहुँचवाये निशुल्क आटे के पैकेट

कासगंज।एक तरफ करोना वायरस जैसी वैश्विक बिमारी से निपटने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आहवाहन पर 21 दिन का जनता कर्फ्यू का लोग पालन कर रहे है ।वही दूसरी ओर इस जनता कर्फ्यू से उन गरीब दिहाड़ी कमाने वाले लोगो के परिवारों के सामने खाने का संकट पैदा होना स्ववाभिक है।इसी के मद्देनजर समाजसेवी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक पत्रकार अनुराग वार्ष्णेय ने अपने फार्म हाउस पर पेट्रोल आटा चक्की से गेहूं पिसवाकर लगभग 250 परिवारों को प्रति परिवार पांच किलोग्राम आटा का पैकिट डोर टू डोर वितरित करवाया।

घड़ी निकट है कोरोना के अवसान की

धरती है यह कृष्ण की धरती है यह राम की।
धरती है यह धर्म की धरती है ईमान की।
धरती है यह कौमें कितनी आई और मिट गई धरा से,
हजारों वर्ष से जिंदा है हस्ती भारत महान की। धरती है यह...
यूं तो सारे जग का मालिक एक ईश्वर है,
चिंता रहती है उसको विशेष अपने प्रिय हिंदुस्तान की। धरती है यह...
संकट जब.जब भारी आता है इस धरती पर,
आमद तब तब होती है यहीं पर भगवान की। धरती है यह...
तार जुड़ा है उसका सीधा इस धरती से
सतत खींचती उसको श्रद्धा लाखों आस्थावान की। धरती है यह...
यह प्रकृति का एक नियम है क्रिया की प्रतिक्रिया विपरीत सम है।
खुद भोगे कष्ट प्रकृति को मान दिया,रक्षा की इंसान की। धरती है यह...
कोरोना दानवी नयी आई है दुनिया में कोहराम मचाई है।
जन-जन आशंकित. आतंकित है मांगे कृपा कृपा निधान की। धरती है यह...
इस धरा से संबंध सनातन,अपना प्रभु निभाओ अब,
दानवी को निष्क्रिय कर डालो, रखो लाज निज नाम की। धरती है यह...
कोटि-कोटि भारतीयों की प्रार्थना, पुकार प्रभु सुनते हैं,
नवरूपा शक्ति आई घड़ी निकट है कोरोना के अवसान की। धरती है यह...

रचयिता
वी.के.अग्रवाल
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक
19, जय रामबाग
दयालबाग

तुष्टि पुष्टि सन्तुष्टि के लिए
विश्व का सर्वश्रेष्ठ
सिकंदरे आज़म
शक्तिवर्धक हर्बल कैप्सूल
मेडिकल स्टोर से खरीदें या फोन करें
09997161320-08445877771

शादी से पहले या शादी के बाद
खोई हुई ताकत व जवानी फिर हासिल करने के लिए मिलें या फोन कर परामर्श लें
बे औलाद निःशुल्क सलाह लें स्थापित 1929
हाशमी दवाखाना
काजीजादा, अमरोहा-UP
09027170666-09319393203

गुप्त रोगों से पीड़ित
पुरुष अपना जीवन नरक न होने दें। सही सलाह एवं इलाज द्वारा कामयाब पुरुष बनने के लिए आज ही मिलें या फोन कर परामर्श लें
अकबर दवाखाना
भागलपुर, बंगलोर
09555437800
09555137800

स्थापित 1835 ताकत के लिए
अगर आप कमजोरी से ग्रस्त हैं हर उम्र में पायें बेमिसाल ताकत, तुष्टि पुष्टि सन्तुष्टि व संतानहीनता का सफल इलाज। सम्पर्क हेतु आज ही मिलें या फोन कर परामर्श लें
अलताज दवाखाना दिल्ली-53
09999468085
09899509822

आश्चर्यजनक
इन्द्रीवर्धक
सस्ती, सुरक्षित, मस्ती सन्तुष्टि अधिक सैक्स टाईम, अधिक आनन्द पूर्ण सुख तुष्टि पुष्टि सन्तुष्टि के लिए फोन करें घर बैठे औषधियां मंगवायें
ऋषि इंटरनेशनल-दिल्ली
09311303434
09015270020